## खबर संक्षेप

### सतीश को जंतु विज्ञान में मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल द्वारा शोधार्थी सतीश पाण्डेय, पिता स्व. श्री रामनरेश पाण्डेय को जंतुविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। सतीश पाण्डेय ने अपने शोध कार्य में 'सोहागपुर तहसील की तुलना में जयसिंहनगर तहसील के जल का भौतिक, रासायनिक और जीवाणु संबंधी विश्लेषण विषय पर गहन अध्ययन किया। उनके इस शोधकार्य का निर्देशन विश्वविद्यालय की प्रख्यात शिक्षिका प्रो. संगीता मसी द्वारा किया गया। शोध में दोनों तहसीलों के जल स्त्रोतों की गुणवत्ता, प्रदूषण स्तर, तथा स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इस उपलब्धि पर सतीश पाण्डेय को शुभकामनाएं एवं क्षेत्र में शोध के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सराहना मिल रही है।

### खेत के पास पानी भरे गड्ढे में डूबा 11 वर्षीय बालक, मौके पर ही मौत

**जयसिंहनगर।** थाना अंतर्गत चंदेला गांव में गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना में 11 वर्षीय बालक की खेत के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृत बालक के माता-पिता खेत में रोपा लगाने में व्यस्त थे, तभी यह हादसा घटित हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामकुमार रैदास अपनी पत्नी के साथ खेत में धान रोपाई कर रहा था। उनके साथ उनका बेटा अंकित रैदास उम्र 11 वर्ष भी खेत आया हुआ था, जो पास ही में खेल रहा था। खेलते-खेलते अंकित खेत के समीप एक निर्माणाधीन मकान के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे के पास पहुंच गया, जिसमें करीब 8 फीट तक पानी भरा हुआ था। काफी देर तक जब अंकित नजर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। पिता ने आस-पास खोजबीन की, तभी गड्ढे में उसकी चप्पल तैरती दिखी, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। रामकुमार रैदास ने गांव के अन्य लोगों की मदद से गड्ढे में उतर कर बेटे को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर जयसिंहनगर थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बालक की मौत पानी में डूबने से होना पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### आज स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन

**शहडोल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशि प्रभा पाण्डेय ने बताया कि प्रति माह की तरह इस माह पुष्य नक्षत्र में आयुष विभाग द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में 25 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन कर 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को चिकित्सकों की देखरेख में स्वर्ण भस्म युक्त औषधि का सेवन कराया जाएगा।

### जिले के प्रवास पर रहेंगे प्रकाश

**शहडोल।** अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के वरिष्ठ परामर्शदाता सह एपीएस प्रकाश कुमार उईके 26 एवं 27 जुलाई 2025 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान प्रकाश कुमार उईके जिले के विकासखंड जयसिंहनगर के ग्राम गजनी एवं जगड़ा में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना की ग्राम स्तरीय समीक्षा करेंगे तथा योजनाओं से संबंधित ग्रामीणजनों से संवाद भी करेंगे। वरिष्ठ परामर्शदाता प्रकाश कुमार उईके 26 जुलाई को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम गजनी एवं जगड़ा में दोपहर 4:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत 18 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की ग्राम स्तर पर समीक्षा एवं जनजातीय बंधुओ से संवाद करेंगे एवं 27 जुलाई को जयसिंहनगर स्थित आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगे।

## 3 क्विंटल गांजा और 250 नशीले इंजेक्शन जब्त

# शहडोल में नशा विरोधी अभियान को बड़ी सफलता



**मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे 'नशा मुक्त मध्यप्रदेश अभियान' के तहत शहडोल पुलिस को दो दिन में दो बड़ी कामयाबी मिली हैं। एक ओर कोतवाली पुलिस ने 250 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी ओर सीधी थाना पुलिस ने खेत में फेंकी गई कार से 3 क्विंटल गांजा बरामद किया है।**

**शहडोल।** प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'ड्रग्स फ्री मध्यप्रदेश' अभियान का असर शहडोल जिले में साफ नजर आने लगा है। जिले की पुलिस लगातार ड्रग्स और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। बीते दो दिनों में जिले में दो अलग-अलग कार्रवाइयों में लाखों रुपए की नशीली सामग्री पकड़ी गई है, जिससे नशा माफियाओं में हडकंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक ने इन सफलताओं के लिए टीम को बधाई देते हुए कहा है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान समाप्त होने के बाद भी ऐसे माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

पहली कार्रवाई शहडोल कोतवाली थाना पुलिस द्वारा की गई, जहां पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक स्टेट बैंक पाण्डवनगर के पास प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल एक टीम गठित की गई और इलाके में दबिश दी गई। मौके पर दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर खड़े थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को कल्याणपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बादल गुप्ता निवासी कल्याणपुर और राहुल मलिक निवासी पाण्डवनगर के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान इनके पास से एक बैग में रखे 250 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए, जिनकी बाजार में कीमत लगभग 41,500 रुपये आंकी गई है। साथ ही मौके से मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस की पूछताछ में दोनों युवकों ने इस तस्करी में ऋषभ तिवारी और अजय कुशवाहा नामक अन्य युवकों की संलिप्तता भी स्वीकार की है। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।




### एम्बुलेंस के सायरन से घबराये


दूसरी बड़ी कार्रवाई सीधी थाना पुलिस ने की है, जहां गुप्त सूचना के आधार पर एक आर्टिका कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। यह गांजा उड़ीसा से लाया जा रहा था और शहडोल होते हुए अन्य राज्य में पहुंचाया जाना था। पुलिस को भनक लगने पर तस्कर घबरा गए और एम्बुलेंस के सायरन को पुलिस वाहन समझकर कार को खेत में उतार दिया। जब गाड़ी कीचड़ में फंस गई तो तस्कर उसे छोडक़र मौके से भाग निकले। स्थानीय लोगों ने इस संदिग्ध हरकत को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें लगभग 3 क्विंटल गांजा मिला जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। वाहन को जब्त कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान व तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच भी शुरू कर दी है कि नंबर असली है या फर्जी।

### समाज में जागरूकता फैलाएं

दोनों कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि शहडोल पुलिस नशा माफियाओं पर सख्त नजर रखे हुए है। जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा रैलियां, जनजागरूकता कार्यक्रम और स्कूलों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। थाना प्रभारियों द्वारा स्कूली बच्चों, शिक्षकगण और नागरिकों के साथ मिलकर 'नशा छोड़ो - जीवन जोड़ो' जैसे नारों के साथ रैलियां निकाली जा रही हैं। थाना क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन प्रतियोगिता और पोस्टर अभियान के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को समझाया जा रहा है। खासकर युवाओं को इस अभियान से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे नशे से दूर रहें और समाज में जागरूकता फैलाएं।

# आदेश के बावजूद सहायक ग्रेड-3 को नहीं किया गया कार्यमुक्त


### जैतपुर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य पर शासकीय आदेशों की अवहेलना का आरोप



**शहडोल।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी किए गए दो स्पष्ट आदेशों के बावजूद जैतपुर स्थित शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी शशांक पटले को मूल कार्य स्थल पर वापसी की अनुमति नहीं दी गई। प्रभारी प्राचार्य निय़ाज अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने शासकीय आदेशों की खुलकर अवहेलना की और अपने स्तर पर मनमानी करते हुए आदेशों को निष्प्रभावी बनाया।

**यह है मामला**

20 फरवरी 2019 को शशांक पटले का अस्थायी रूप से जैतपुर महाविद्यालय से शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में डिप्लॉयमेंट किया गया था। यह डिप्लॉयमेंट अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रभावशील था। इसके बाद 13 दिसंबर 2024 को आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा आदेश क्रमांक 1657/20//आउशि/शा.-3/24 जारी कर शशांक पटले की डिप्लॉयमेंट समाप्त करते हुए उन्हें मूल संस्था शासकीय महाविद्यालय जैतपुर में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया।परंतु, उक्त आदेश के बावजूद प्रभारी प्राचार्य निय़ाज अंसारी ने शासकीय आदेशों की अवहेलना करते हुए न तो पटले को कार्यमुक्त किया और न ही उन्हें जैतपुर वापस भेजा। सूत्रों के अनुसार, शशांक पटले ने आदर्श महाविद्यालय उमरिया से कार्यमुक्ति नहीं ली थी और जैतपुर महाविद्यालय में उन्होंने कार्यभार ग्रहण ही नहीं किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आदेशों को जानबूझकर निष्प्रभावी बनाया गया।इसके पश्चात, स्थानीय राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते 23 जनवरी 2025 को एक नया आदेश क्रमांक 115/20//आउशि/शा.-3/24 जारी कर शशांक पटले को पुनः दो माह की अवधि के लिए आदर्श विज्ञान महाविद्यालय उमरिया में डिप्लॉय किया गया। यह आदेश माननीय विधायक शिवनारायण सिंह (लल्लू भैया) के पत्र क्रमांक 103/24 दिनांक 23.12.2024 के संदर्भ में जारी किया गया। प्रशासनिक विशेषज्ञों और शैक्षणिक सूत्रों का कहना है कि यह पुनः डिप्लॉयमेंट एक प्रकार से दिसंबर 2024 के आदेश की अवहेलना और उसे निष्क्रिय करने का प्रयास है, जो नियमों के विरुद्ध है।इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर पक्ष यह है कि न तो मूल कार्यस्थल (जैतपुर) पर ज्वाइनिंग दी गई, और न ही आदर्श महाविद्यालय उमरिया से विधिवत कार्यमुक्ति हुई, इसके बावजूद दूसरा आदेश निकालकर उन्हें वहीं बनाए रखा गया।यह प्रकरण शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य की स्वेच्छाचारिता और प्रशासनिक नियमों की अनदेखी का प्रत्यक्ष उदाहरण बन चुका है। स्थानीय शिक्षाविदों और छात्र संगठनों ने उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और शासकीय आदेशों की गरिमा को बहाल रखा जाए।



## शहडोल शिक्षा विभाग पेंट घोटाला

# जांच रिपोर्ट का इंतजार जारी, डीईओ ने जांच कमेटी पर ही उठाए सवाल

**शहडोल।** जिले के बहुचर्चित स्कूल शिक्षा विभाग के पेंट घोटाले की जांच अभी भी अधर में लटकी हुई है। शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद मामले की जांच के लिए संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा उमेश सिंह धुर्वे तथा शहडोल कलेक्टर के आदेश पर पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था। करीब पंद्रह दिन से ज्यादा का वक्त बीतने के बाद भी अभी तक कोई ठोस जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है।मामले में संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे ने बताया था कि जांच के लिए 20 बिंदुओं पर आधारित एक विस्तृत प्रश्नावली जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) फूल सिंह मारपाची को जवाब के लिए भेजी गई है। जांच टीम में बीईओ ब्यौहारी, अरुण कुशराम, आर. मंगलानी, आशीष बजाज और लवकुश वर्मा जैसे अधिकारियों को शामिल किया गया था। इन अधिकारियों ने संबंधितों से बयान लेकर आरोपों के समर्थन में नोटिस संयुक्त संचालक के माध्यम से डीईओ कार्यालय को भेजा था। हालांकि अब इस पूरे मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। डीईओ फूल सिंह मारपाची ने हाल ही में संयुक्त संचालक को पत्र भेजकर जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जांच टीम के सभी सदस्य उनसे कनिष्ठ अधिकारी हैं, ऐसे में यह जांच निष्पक्ष नहीं मानी जा सकती। उन्होंने आरोपों के जवाब देने के बजाय जांच प्रक्रिया को ही चुनौती दी है।श्री मारपाची की आपत्ति ने प्रशासनिक हलकों में सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि इससे पहले भी दो अलग-अलग मामलों में उनकी जांच कनिष्ठ अधिकारियों से ही कराई जा चुकी है, लेकिन उन जांचों पर उन्होंने कोई आपत्ति नहीं जताई थी। बताया जाता है कि लोकायुक्त में चल रहे प्रकरण क्रमांक 44/2024 में भी उन पर और तत्कालीन सहायक आयुक्त अरविंद पांडे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस मामले की जांच अरुण कुशराम और लवकुश वर्मा ने की थी, चूंकि जांच रिपोर्ट मारपाची के पक्ष में थी, इसलिए उन्होंने उस पर आपत्ति नहीं जताई।इसी तरह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामले में भी आर. मंगलानी व अन्य अधिकारियों की जांच रिपोर्ट डीईओ को क्लीन चिट देने वाली रही। दोनों ही मामलों में जांचकर्ता उनके कनिष्ठ अधिकारी ही थे, मगर जब तक जांच रिपोर्ट उनके हित में रही, उन्होंने कभी निष्पक्षता पर सवाल नहीं उठाए। अब जबकि पेंट घोटाले में भ्रष्टाचार के मजबूत बिंदु जांचकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं, डीईओ खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे हैं और पूरी जांच प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं।प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि इस बार जांच समिति ने पेंट आपूर्ति, बिल भुगतान, स्कूलों में कार्य की गुणवत्ता और बिना कार्य के बिलों का भुगतान जैसे मामलों को लेकर गंभीरता से बयान दर्ज किए हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, 20 बिंदुओं पर फूल सिंह मारपाची की भूमिका संदेहास्पद नजर आ रही है। अब देखना यह है कि क्या संयुक्त संचालक और कलेक्टर इस आपत्ति के बावजूद जांच को आगे बढ़ाते हैं या फिर जांच समिति में फेरबदल होता है। प्रशासन पर यह जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ इस घोटाले का निपटारा करे, ताकि शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके और दोषियों को उचित सजा मिल सके।




# भारतीय मजदूर संघ का 71 वां स्थापना दिवस समारोह

### सोहागपुर में हुआ गरिमामय आयोजन



**शहडोल।** भारतीय मजदूर संघ के 71वें स्थापना दिवस पर 23 जुलाई 2025 को सोहागपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और संगठन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं क्षेत्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष प्राम्पी सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्ज्वलन से हुई। भगवान विश्वकर्मा, भारत माता और संगठन के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों के समक्ष दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उपस्थितजनों ने एक स्वर में संगठन के उद्देश्यों और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव की पुष्टि की।मुख्य अतिथि प्राम्पी सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ का उद्देश्य केवल श्रमिक हितों की रक्षा करना नहीं है, बल्कि एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने राष्ट्र ऋषि ठेंगड़ी जी के आदर्शों को आत्मसात करने और उन्हें जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल अपने संगठन के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में भी समर्पण भाव से कार्य करता है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थलों पर अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में संगठित श्रमबल ही देश की आर्थिक रीढ़ है, और श्रमिकों की शक्ति को यदि सही दिशा दी जाए, तो भारत को वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी बनाया जा सकता है। समारोह में जिले के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, जिला मंत्री ब्रजेश कुमार मिश्रा एवं कंपनी कल्याण समिति सदस्य महेन्द्र पाल सिंह ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने श्रमिकों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा की और संगठन की भावी रणनीतियों पर संवाद स्थापित किया। सभी पदाधिकारियों ने यह संकल्प दोहराया कि संगठन की गतिविधियों को ग्राम, नगर एवं जिला स्तर पर और अधिक सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन श्रमिक हितों के साथ राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर सामने आया।

### ट्रांसफर में ट्रांसपेरेंसी का ट्रांसफार्मर फेल!

**शहडोल।** जिला पंचायत ने 17 जून को ऐसा ट्रांसफर आदेश जारी किया, जिसे देखकर माननीय उच्च न्यायालय ने भी माथा पकड़ लिया। आदेश तो था 'गोपनीय', लेकिन वह व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की टॉप ट्रेंडिंग न्यूज़ बन गया। ग्राम पंचायत तेंदुढोल से लेकर बहेरिया तक के सचिव जब तक अपनी कुर्सी समेटते, कोर्ट ने स्टे ऑर्डर की झाड़ू चला दी। सचिव दुलम दास कहार, राम कृपाल सिंह, मनोरमा गुप्ता और राम रतन केवट के नामों पर हस्ताक्षर हुए, लेकिन जिनकी नोटशीट में नाम ही नहीं थे, वो भी ट्रांसफर होकर 'आश्चर्यचकित' हो गए। कोर्ट ने इस पर बड़ा ही भावुक प्रश्न उठाया क्या स्थानांतरण अब अंदाजे से किए जाते हैं? और मजेदार बात ये रही कि मंत्री जी, कलेक्टर साहब और जिला पंचायत सीईओ की जो नोटशीट थी, वह जनता की आंखों का तारा बन गई। सोशल मीडिया में इतनी बार शेयर हुई कि किसी वेब सीरीज का ट्रेलर भी इतना वायरल नहीं हुआ होगा! कोर्ट ने नाराज होकर कलेक्टर से पूछा भाई साहब, ये गोपनीयता है या सार्वजनिक संपत्ति? अब कलेक्टर साहब से पूछा गया है कि जांच करें, और जिनके अंगूठों से ये कागज़ वायरल हुए, उन्हें ढूंढकर कान खींचें। कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि मंत्री जी की नोटशीट उनके मुंह से निकली या किसी पेनड्राईव से! याचिकाकर्ता के वकील व्ही.डी.एस. चौहान ने अदालत में तर्क दिया कि यह ट्रांसफर नहीं, बल्कि 'फाइलों में फिटनेस प्रतियोगिता' थी, जिसमें नियमों को 'किक' मारकर गोल कर दिया गया।

# सीईओ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**शहडोल।** जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत पड़मनिया में के बनाए गए गौशाला का निरीक्षण किया तथा ग्राम आनंद में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत प्रकृति को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढिय़ों को स्वच्छ और हराभरा पर्यावरण मिल सके। उन्होंनें जनमानस से अपील की है कि पौधरोपण कार्य में बढ़ चढक़र सहभागिता निभाएं।इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

### पीएम जनमन आवास का किया निरीक्षण

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पड़मानिया में पीएम जनमन योजना के तहत बनाए गए पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम जन मन योजना के आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही नरेश बैगा से चर्चा की तथा आवास निर्माण हेतु दी गई किश्तो के बारे में जानकारी ली। हितग्राही ने सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराया कि मुझे आवास निर्माण के लिए सभी किश्त प्रदाय कर दी गई है और मैं अपने परिवार के साथ पक्के आवास में रह रहा हूं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सरपंच श्रीमती कमलेशिया बैगा, उपसरपंच अनिल साहू, सहायक यंत्री राघवेंद्र सिंह, उपयंत्री सुभाष भारती सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



# भाजपा ने की पांच मंडलों में अध्यक्षों की घोषणा

**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले में संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार देर शाम जिले के पांच शेष मंडलों के लिए नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। यह घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा द्वारा की गई। जिले में कुल 19 मंडल हैं, जिनमें से 14 मंडल अध्यक्षों की घोषणा पूर्व में की जा चुकी थी। शेष बचे पांच मंडलों में ब्यौहारी मंडल से विनय गुप्ता मोनू, सोहागपुर मंडल से मृदुल मिश्रा, गोहपारू मंडल से राजीव शर्मा अन्नू, बुढार मंडल से अर्जुन सोनी, तथा धनपुरी मंडल से अजय शर्मा को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा एवं मार्गदर्शन, प्रदेश महामंत्री तथा कार्यालय प्रभारी विधायक भगवानदास सबनानी और जिलाध्यक्ष श्रीमती चपरा के नेतृत्व में की गई हैं। घोषणा के बाद 'अटल निलय' भाजपा जिला कार्यालय में एक स्वागत एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा से भेंट कर आशीर्वाद व दिशा-निर्देश प्राप्त किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन ने आप सभी पर विश्वास जताया है, अब समय है इसे मेहनत और समर्पण से साबित करने का। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को एक सप्ताह के भीतर मंडल कार्यसमिति का गठन कर वरिष्ठ जनों के परामर्श से उसे घोषित करना होगा। साथ ही उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम को शत-प्रतिशत बूथों पर सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुटने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा, 'मंडल अध्यक्ष बनना आसान है, लेकिन जिम्मेदारी निभाना कठिन है। यह आपकी संगठनात्मक परीक्षा की शुरुआत है। शक्ति केंद्र से लेकर बूथ तक भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।' इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, महामंत्री संतोष लोहानी, वरिष्ठ नेता गिरधर प्रताप सिंह, प्रकाश जगबनी, पार्षद राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

**नाम संशोधन सूचना**

मैं विजय प्रकाश चतुर्वेदी, निवासी ग्राम मसीरा, थाना व तहसील जयसिंहनगर, जिला शहडोल (म.प्र.) घोषित करता हूँ कि मेरे पुत्र का सही नाम सुमित चतुर्वेदी है। उसके आधार कार्ड संख्या 2373 1526 8481 व अंकसूची में जन्मतिथि 02/12/2012 के साथ नाम अथर्व चतुर्वेदी दर्ज हो गया है, जो त्रुटिवश है।

मेरे पुत्र का वास्तविक और प्रमाणिक नाम सुमित चतुर्वेदी है, भविष्य में सभी शैक्षणिक, शासकीय एवं अन्य अभिलेखों में इसी नाम को ही मान्य व प्रयुक्त किया जाएगा। अब शुद्ध नाम सुमित चतुर्वेदी पिता विजय प्रकाश चतुर्वेदी दर्ज कराया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## छोटी तुम्मी फाल का सीईओ जिला पंचायत ने किया निरीक्षण

**उमरिया।** पाली विकासखंड के छोटी तुम्मी में सेल्फी लेते समय एक युवक का असामयिक निधन हो गया था। जिले में दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने पर्यटन स्थलों के पास बैरीकेडिंग तथा साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, वन विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों ने स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं क्षेत्र को इको पर्यटन क्षेत्र की तर्ज पर विकसित करने पर चर्चा की ।

## सीईओ, एसडीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह , एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत मंगठार में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दस्तक अभियान की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होने सामुदायिक भवन, और निर्माणाधीन पंचायत भवन , पानी की टंकी ( पीएचई ) ,का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए, साथ ही वहां की प्राथमिक पाठशाला और मिड डे मील कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित जनों को कार्य व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को निर्धारित मीनू के आधार पर ही भोजन का प्रदाय किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पाली कन्हाई कुंवर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 4 अगस्त को सामान्य सभा की बैठक

**उमरिया।** जिला पंचायत कि सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को अपरान्ह 1 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

## गुमशुदा युवती जिला नीमच में सकुशल मिली, प्रेम विवाह कर रही थी



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** फरियादी विवेक कुमार पिता महेन्द्र प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी सीआरपीएफ कॉलोनी राजनगर (बदला हुआ नाम पता) द्वारा थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी पुत्री सुमन उम्र 20 वर्ष दिनांक 04.06.2025 को सुबह 07:00 बजे बिना बताए घर से निकली थी, जो घर वापस नहीं आई। इस संबंध में थाना रामनगर में गुम इंसान क्रमांक 25/25 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल लोकेशन एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पता लगाया गया कि सुमन अपने प्रेमी गुरुदत्त सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया थाना बुढ़ार जिला शहडोल के साथ नीमच जिले के बघाना थाना क्षेत्रांतर्गत रह रही है। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21.07.2025 को कार्रवाई कर युवती को बरामद किया गया। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह अपनी मर्जी से गुरुदत्त सिंह (बदला हुआ नाम) के साथ मंदिर में शादी कर अब उसके साथ रह रही है, तथा अपने मायके वापस नहीं जाना चाहती है। जांच में कोई संदेहास्पद अथवा आपराधिक गतिविधि नहीं पाई गई। पुलिस द्वारा गुम इंसान की सूचना संबंधित डायरी में अंकित कर पूर्ण की जा रही है। थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक, प्रआर 54 राहुल प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही है।

### नगर अध्यक्ष पर तानाशाही का आरोप

# गरीबों पर बुलडोजर, धन्ना सेठों को संरक्षण



**ब्योहारी। नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ने तूल पकड़ लिया है। आरोप हैं कि परिषद अध्यक्ष ने निजी रंजिश और भेदभाव के चलते केवल गरीब फुटपाथ दुकानदारों को हटवाया, जबकि रसूखदारों को बख्श दिया गया। बिना नोटिस की गई इस कार्रवाई में कई दुकानदारों की वर्षों पुरानी दुकानों को उजाड़ दिया गया, जिससे जनाक्रोश और विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।**

नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की आड़ में गरीब फुटपाथ दुकानदारों को हटाया जा रहा है, जबकि संपन्न वर्ग को खुला संरक्षण दिया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने रंजिश के चलते न केवल सतीश तिवारी के भाई की 40 साल पुरानी फल दुकान तुड़वा दी, बल्कि अन्य गरीबों की दुकानों को भी बिना सूचना बुलडोजर से हटवा दिया। ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में पुरानी मजिस्ट्रेटी के सामने लंबे समय से ठेले व झोपडिय़ां लगी थीं, जहां गरीब तबके के लोग चाय, पान, फल और सब्जी की दुकानें चलाते थे। इन दुकानों को अचानक नगर परिषद के अमले द्वारा हटवा दिया गया। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि उक्त स्थान पर अब धनाढ्य व्यापारियों की 'गोमती' जैसी पक्की दुकानें लगाई जा रही हैं। इस कार्रवाई को लेकर नगर में असंतोष फैल गया है।

### पुश्तैनी दुकान उजाड़ी गई

विशेष तौर पर चर्चा का विषय बनी सतीश तिवारी के भाई की वह फल की दुकान है, जो पिछले 40 वर्षों से बस स्टैंड में स्थापित थी। नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने बौखलाकर यह कार्रवाई की। सतीश तिवारी का कहना है कि उनके भाई की दुकान पर बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना के मशीन चलवा दी गई। लाखों का माल और ढांचा नष्ट हो गया। न केवल सतीश के भाई, बल्कि आस-पास के 7-8 अन्य गरीब दुकानदारों की दुकानों को भी हटाकर उन्हें रोजी-रोटी से वंचित कर दिया गया।



### 'एकतरफा कार्रवाई' से जनता में रोष

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की यह कार्रवाई पक्षपातपूर्ण और मनमानी थी। जहां एक ओर फुटपाथ पर वर्षों से बैठे गरीबों को हटाया गया, वहीं बगल में ही पक्के निर्माण कर सरकारी जमीन पर व्यवसाय कर रहे कुछ लोगों को हाथ तक नहीं लगाया गया। कई दुकानदारों का आरोप है कि अध्यक्ष राजन गुप्ता अपने खास सगे-संबंधियों को संरक्षण देते हुए बाकी गरीबों पर तानाशाही दिखा रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि यह सिर्फ 'राजनीतिक रंजिश' और 'सामाजिक भेदभाव' का परिणाम है।

### बारिश और त्योहार में उजड़ी दुकाने

यह कार्रवाई ऐसे समय की गई जब सावन का महीना चल रहा है और बारिश हो रही है। ऐसे में बिना नोटिस, बिना समय दिए दुकानें हटवाना मानवता के भी खिलाफ माना जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें न तैयारी का मौका मिला, न कोई विकल्प। बरसात में त्योहार के समय उनका रोजगार उजड़ गया, जिससे उनके परिवारों की आजीविका संकट में आ गई है।

### नेताओं की चुप्पी खतरनाक

इस पूरे प्रकरण पर जब एसडीएम नरेंद्र धुर्वे से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा अतिक्रमण हटाना नगर परिषद का काम है, मैं सिर्फ सीएमओ से बात कर सकता हूं। इस कथन से साफ है कि प्रशासन भी सीधे हस्तक्षेप से बच रहा है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता इस पूरे विवाद पर चुप्पी साधे बैठे हैं। ना कोई पक्ष, ना कोई समर्थन जनता को यह बात भी खल रही है।

### लगे मुर्दाबाद के नारे

कार्रवाई के दौरान ही मौके पर भारी विरोध हुआ। स्थानीय लोगों ने नारेबाजी की और 'राजन गुप्ता मुर्दाबाद' के नारे भी लगाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान साफ देखा गया कि जनता नगर परिषद की इस कार्रवाई से बेहद आहत है और इसे 'तानाशाही' और 'एकतरफा' बताया जा रहा है। बेदखल किए गए दुकानदारों ने जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है। वे चाहते हैं कि नगर परिषद द्वारा की गई इस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्हें दोबारा व्यवसाय करने का स्थान या मुआवजा दिया जाए।

# नगर पालिका पर नारायण का कब्ज़ा

### भ्रष्टाचार और मनमानी से त्रस्त उमरिया

### सेवानिवृत्त होने के बाद भी 'सरकारी' दखल

**उमरिया।** नगर पालिका में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक दखलंदाजी की कहानी का केंद्र बना है, सेवानिवृत्त स्वच्छता निरीक्षक नारायण दुबे 30 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद भी नपा कार्यालय में उनकी पहले जैसी ही सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। नगर में यह सवाल उठ रहा है कि क्या दुबे ने फिर से कोई नियुक्ति ले ली है या सत्ता के संरक्षण में गैरकानूनी हस्तक्षेप कर रहे हैं? नारायण दुबे के नपा कार्यालय में निरंतर उपस्थित रहने और कार्यों में हस्तक्षेप करने को लेकर नगर में संशय का माहौल है। सूत्रों के अनुसार, नपा परिषद के अध्यक्ष पति त्रिभुवन दुबे के पुराने करीबी हैं और उन्हीं के समर्थन से आज भी कार्यालय के तमाम कार्यों की कमान संभाले हुए हैं। कहा जा रहा है कि नगर में जो भी कार्य महज कागज़ों में हो रहे हैं, वे दुबे की योजना और मार्गदर्शन में ही संचालित हैं।

### चाचा-भतीजा की सरकार

नपा कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नारायण दुबे को नगर की कार्यकारिणी में एक तरह से 'चाचा' का दर्जा प्राप्त है, जबकि राजनीति में अनुभवहीन अध्यक्ष प्रतिनिधि 'मुंहबोला



भतीजा' बनकर उनके इशारों पर काम कर रहा है। यह स्थिति न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था का मखौल बना रही है, बल्कि कई शासकीय नियमों की भी अनदेखी की जा रही है।

### अवैध अतिक्रमण और निर्माण पर चांदी

नगर के चौपाटी से सब्जी मंडी की ओर जाने वाली सडक़ पर लगे अवैध ठेलों और अतिक्रमणों में दुबे की संलिप्तता के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि इन गतिविधियों के जरिए उन्होंने भारी लाभ कमाया है। इसके अतिरिक्त, चपहा के पास सत्संग भवन कॉलोनी में दुबे द्वारा बनाए गए आलीशान मकान से निकले गंदे और मलयुक्त पानी को नहर में जोड़ा गया है, जो अस्वच्छता की पराकाष्ठा है। नागरिकों द्वारा इस संबंध में जांच और कार्यवाही की मांग की जा रही है।

### नगर पालिका की सामग्री पहुंची फार्म हाउस

नगर पालिका की ग्रेबियन जाली को निजी फार्म हाउस और रिसॉर्ट की बाउंड्रीवाल में उपयोग करने का भी आरोप सामने आया है। यह सामग्री उमरिया के उफरी और आधी ताला क्षेत्र में निजी हितों के लिए प्रयुक्त की जा रही है। एक आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में सूचना भी मांगी है। इससे पहले भी एक व्हाट्सएप ग्रुप में 'मिक्की भैया घर' नामक एक इलेक्ट्रिक फिटिंग का बिल वायरल हो चुका है, जिससे इस कथित निजीकरण की पुष्टि होती है।

### दो रजिस्टर से अवैध वसूली

सफाई कर्मियों के हक पर भी डाका डालने के आरोप लगाए जा रहे हैं। दो अलग-अलग रजिस्टरों के जरिए सफाईकर्मियों की उपस्थिति और भुगतान में अंतर दिखाकर उनसे 10 प्रति दिन की दर से अवैध वसूली की जाती है। नगर पालिका के अंतर्गत कार्यरत 65-70 सफाईकर्मियों से यह राशि ली जाती है। यहां तक कि जो कर्मचारी अस्वस्थ होकर कार्यरत नहीं हैं, उनका वेतन आहरित कर उसमें से हिस्सा दुबे को दिए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

### जनता में संशय और प्रशासन की चुप्पी

नारायण दुबे द्वारा कार्यालय में की जा रही सक्रियता से जनता असमंजस में है। कोई स्पष्ट सूचना नहीं है कि वे नपा में किसी प्रकार से पुनः नियुक्त हुए हैं या केवल पूर्व संबंधों के आधार पर मनमानी कर रहे हैं। नगर के नागरिकों का कहना है कि दुबे अब भी 'स्थापना प्रभारी' की कुर्सी पर बैठकर अन्य कर्मचारियों पर रौब झाड़ते हैं, जबकि वास्तविक प्रभारी मूकदर्शक बनकर खड़ा रहता है। नगर पालिका उमरिया में नारायण दुबे की सेवानिवृत्ति के बाद भी प्रशासनिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। यह स्थिति न केवल पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्न खड़े करती है, बल्कि नगरवासियों के बीच भी असंतोष को जन्म दे रही है। संबंधित विभागों से अपेक्षा की जाती है कि वे शीघ्रता से इस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।



## सीईओ ने ग्राम मरदरी स्थित गौशाला का किया निरीक्षण

### साफ सफाई व्यववस्था दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

**उमरिया।** सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने करकेली विकासखंड के ग्राम मरदरी स्थित मां शारदा सामुदायिक गौशाला का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला मे गायों को दिए जाने भोजन, बिजली व्यवस्था , डाक्टोरो के गौशाला में आने आदि संबंधी पूछताछ की । जिस पर बताया गया कि गायो को तीन टाईम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है । निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई रखी जाए । जिनकी जिस समय के लिए ड्युटी निर्धारित है, वे पूरी तन्मयता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। गौशाला में बिजली व्यवस्था दुरूस्त रहे , इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान उन्होंने गौमाता को दिए जाने वाले भोजन का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया ।



# लंबे समय से फरार चल रहे 8 अपराधी पुलिस गिरफ्त में



**हरिभूमि न्यूजबिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, सउनि उदय प्रजापित, सउनि प्रभाकर पटेल, सउनि रविकरण पयासी, प्र.आर. सतीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक बसंत कोल, आरक्षक विश्वजीत मिश्रा, आर. प्रभाकर त्रिपाठी, आर. लक्ष्मण डांगी, आर. रवि सिंह के द्वारा दिनांक 23/07/2025 को वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें न्यायालय संजीव कुमार टामक न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग.के सत्र प्रक.क्र. 28/21 धारा 128 जा.फौ.का गिरफ्तारी वारंटी रामनिहोरे जायसवाल पिता रामगोपाल जायसवाल उम्र 48 साल निवासी ग्राम गुलीडांड, एवं प्र.क्र. 222/2022, प्र.क्र. 676/2019 गिरफ्तारी वारंटी पंकज कुमार चन्द्रा पिता बुद्दसेन चन्द्रा उम्र 22 वर्ष निवासी भवनिया टोला थाना बिजुरी, प्र.क्र.72/20 गिरफ्तारी वारंटी शनि कोल पिता शिव बालक कोल उम्र 22 वर्ष निवासी पडरीपानी बिजुरी, माननीय न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोतमा के प्र.क्र. 30/25 के गिरफ्तारी वारंटी कल्लु उर्फ प्रकाश बंसल पिता रोहित बंसल उम्र 40 वर्ष निवासी कनई टोला थाना बिजुरी, प्र. क्रमांक 31/18 वारंटी रनूराम पिता सम्हारु पाव उम्र 54 वर्ष निवासी निमहा टोला थाना बिजुरी ,प्र.क्र. 1163/21 वारंटी मनोहर लाल चौधरी पिता सुखदेव चौधरी उम्र 61 वर्ष निवासी गोपाल मार्केट बिजुरी, प्रकरण क्रमांक 1144/17 रवि कुमार साहू पिता सुखलाल साहू उम्र 27 वर्ष निवासी काटकोना, न्यायालय अमनदीप सिंह छाबडा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोतमा के प्र.क्र. 660/17 स्थाई वारंटी धरमलाल बंसल पिता भोला बंसलल उम्र 35 वर्ष निवासी आमाडांड, प्र.क्र.1037/19 स्थाई वारंटी राकी उर्फ हरीश कोल पिता गंगाराम कोल उम्र 36 वर्ष निवासी कोल दफाई पडरीपानी बिजुरी थाना जिला अनूपपुर को गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया।

## कॉम्बिंग गश्त के दौरान रामनगर पुलिस ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा 23-24 जुलाई को रात्रि में क्षेत्र में कोम्बिंग गश्त की गई। गश्त के दौरान न्यायालयों से लंबित स्थाई, गिरफ्तारी एवं वसूली वारंटों की तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत थाना रामनगर पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपियों की तलाश कर कुल 04 वारंटों की तामीली की गई, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं। थाना रामनगर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 76/21 धारा 363 भा.द.वि. में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश जय सिंह सरौते, कोतमा के न्यायालय से जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर अनिल कुमार चौधरी, पिता दृ स्व. राम मनोहर चौधरी, उम्र दृ 20 वर्ष, निवासी दृ बदरा बस्ती, थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार था एवं न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था, जिस पर स्थायी वारंट जारी किया गया था। न्यायालय अरविंद कुमार बरला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कोतमा द्वारा थाना रामनगर के अपराध क्रमांक 331/21, धारा 294, 323, 506 भा.द.वि. में जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत मनोज कुमार, पिता दृ रामाधार यादव, उम्र दृ 26 वर्ष, निवासी दृ कुड़कू दफाई, थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण क्रमांक 141/23 इसी प्रकार न्यायालय अरविंद कुमार बरला द्वारा ही थाना रामनगर के अपराध क्रमांक 18/23, धारा 294, 323, 506, 34 भा.द.वि. में जारी वारंट के अंतर्गत रंजीत बंसल, पिता दृ धरमलाल बंसल, उम्र दृ 25 वर्ष, निवासी दृ गुल्लू टोला, थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अरविंद कुमार बरला, कोतमा के न्यायालय से धारा 138, अधिनियम अंतर्गत जारी वसूली गिरफ्तारी वारंट के तहत विजय कुमार, पिता दृ स्व. गुलाब, उम्र दृ 46 वर्ष, निवासी क्वार्टर नंबर ड/26, आमाडाड़ कॉलोनी, थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया। थाना रामनगर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही थाना प्रभारी सुमित कौशिक, स उ नि उमेश तिवारी, संतोष पट्टटा, एचसी सनत द्विवेदी, अमित पटेल, निरंजन खलखो, एचसी राहुल प्रजापति, आर अनुराग सिंह, आर चक्रधर, की भूमिका रही।

## नगर पालिका कोतमा में नियमानुसार हो रहा निर्माण कार्य



**कोतमा।** भ्रामक संदेश से समाज में गलत संदेश जाता है। बस स्टैंड में बन रहा शॉपिंग कंपलेक्स अभी निर्माणाधीन है। वार्ड क्रमांक 5-6 केशवाही तिराहे से पीपल चौक तक बनाई गई डामरीकरण की सड़क पर ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है जिसको लगातार नोटिस दी गई है बारिश के बाद पूरी तरह से नई सड़क बनाई जाएगी अन्यथा भुगतान रोकने के साथ ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में विकास के कार्य जारी हैं जिसमें पूरी परिषद एवं सीएमओ लगातार निगरानी कर ठेकेदार के कार्यों की समीक्षा की जाती है किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर कार्यवाही की जाएगी। जकीरा चौक से बस स्टैंड की सड़क पर कुछ विभागीय कारणों से रोक लगी है। जैसी ही रोक हटती है जल्द सड़क का सुधार कार्य किया जाएगा। बाजार के स्टेशन चौक एवं पुराने अस्पताल में शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। पुराना अस्पताल परिसर मे कॉम्लेक्स का निर्माण कार्य पूरा होने की स्थिति मे है दिपावली पूर्व जनता को समर्पित किया जाएगा। वार्ड 2 में केरहा नाला के पास सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस दौरान बद्री ताम्रकार, प्रदीप सोनी, राजेंद्र सोनी, शेख साजिद, मो मुफीद, मो अल्ताफ सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**कोतमा।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत चंगेरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए बच्चों के पंजीयन, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्राप्त की। कलेक्टर श्री पंचोली आंगनवाड़ी में पंजीकृत बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि केंद्र में कुल 35 बच्चे पंजीकृत हैं। कलेक्टर ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की संख्या तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि टीएचआर का वितरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नहीं हो रहा है। इस पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से स्पष्टीकरण मांगा। कार्यकर्ता द्वारा संतोषजनक उत्तर न मिलने पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पाया गया कि लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित नहीं की गई है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सूची अनिवार्य रूप से दीवार पर प्रदर्शित की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### उपेंद्र सिंह परिहार को मिली एचडी की उपाधि



ब्यौहारी। पंडित राम किशोर स्मृति शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य करते हुए डॉ उपेंद्र सिंह पिता आर एस सिंह परिहार को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर के अधिसूचना क्रमांक आर ई एफ/507/एस के यू / 2025 दिनांक 4 7.2025 के द्वारा भूगोल विषय पर शहडोल नगर के चयनित वार्डों में सड़क पर रहने वाले बच्चों के रहने की स्थिति और जनसंख्या का अध्ययन पर कठिन परिश्रम के बाद पीएचडी की उपाधि मिली यह शोध कार्य सरिता सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया गया डॉ उपेंद्र सिंह ने शोध कार्य का मे माता-पिता गुरु और पूर्वजों के आशीर्वाद एवं परिवार जनों के सहयोग से पूर्ण किया है इन्होंने शोधकर पंडित राम किशोर शुक्ला स्मृती शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी जिला शहडोल मध्य प्रदेश में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य करते हुए अपना शोधकार्य पूर्ण किया इस शोध कार्य पूर्ण करने में अपने भाई वंश बहादुर सिंह परिहार लेखपाल, शिव बहादुर सिंह परिहार ,लाल बहादुर सिंह परिहार ,समय बहादुर सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आरके तिवारी प्राध्यापक भूगोल, बीपी सोनी सेवानिवृत्ति ग्रंथपाल के सहयोग से एवं महाविद्यालय स्टाफ काभी भरपूर सहयोग मिलता रहा जिसके लिए डॉक्टर रूपेंद्र सिंह परिहार ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है उनके शुभचिन को ने उपेंद्रसिंह को बधाई प्रेषित की है।

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



शहडोल। राज्य शासन के निर्देशानुसार बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अंतर्गत महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग,पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एवं स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर संभागीय मुख्यालयों के विभिन्न चौराहों, धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर बाल भिक्षावृत्ति अभियान चलाया गया। बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए चलाए जाने के लिए सर्वे दल (जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रमविभाग, पुलिस विभाग,चाईल्डलाईन एवं एजीओ हार्ड संस्था) का गठन कर अभियान अंतर्गत ऐसे बच्चे जो भिक्षावृत्ति में लिप्त, सडक्रो पर रहने वाले एवं उनके परिवारों का चिन्हांकन व सर्वे कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जोडने का कार्य किया जा रहा है ,जिससे बाल भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चें व उनके परिवारों को सामाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके ।

### रीवा में होगा संभागीय पर्यटन कॉन्कलेव का आयोजन

शहडोल। रीवा एवं शहडोल संभाग के क्षेत्रीय पर्यटन सम्मेलन पर्यटन कॉन्कलेव का आयोजन 26 एवं 27 जुलाई को रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्य कार्यक्रम 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में किया जाएगा। इस कॉन्कलेव का उद्देश्य विंध्य क्षेत्र विशेषकर रीवा एवं शहडोल संभाग में पर्यटन क्षेत्र में निवेष को प्रोत्साहित करने और पर्यटन अधोसंरचनाओ एवं सेवाओ के समग्र विकास के साथ पर्यटको को आकर्षित करना। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगण तथा अतिथि शिरकत करेंगे।

## पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है नशामुक्ति अभियान

# सांदीपनि विद्यालय में विद्यालयीन छात्रों के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत बुढार स्थित सांदीपनि विद्यालय में विद्यालयीन छात्रों के मध्य नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नशामुक्ति जागरूकता रैली नगर में निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज, बुढार।





पुलिस उप महानिरीक्षक संभाग शहडोल सुश्री सविता सुहाने के मुख्यातिथि में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया और नशामुक्ति कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्रों के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया - बीड़ी पीकर खांस रहा है, मौत के आगे नाच रहा है, इस प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के छात्रों नें अपनी सहभागिता निभाई जिसमें छात्र आशीष बैगा द्वारा लिखे गये स्लोगन को पुलिस उप महानिरीक्षक ने मुक्तकंठ से सराहना की और छात्र आशीष बैगा के साथ ही अन्य 3 छात्रों को इस प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया तथा म.प्र. पुलिस की वेबसाइट में इस स्लोगन को अपलोड करने के लिये आश्वस्त कराया गया।कार्यक्रम अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सुहाने ने छात्रा-छात्राओं और शिक्षकों को नशामुक्ति के संदर्भ में शपथ दिलवायी गई।अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विकास पांडेय तथा नगर निरीक्षक संजय कुमार जायसवाल ने छात्रों कों प्रेरणा प्रदान करते हुये कहाकि - नशा से दूर रहें यह स्वास्थ्य के लिये अति हानिकारक हैं। इसके उपरांत सांदीपनि विद्यालय प्रांगण से नगर परिषद चौक तक नशामुक्ति स्लोगन से युक्त रैली निकाली गई, रैली में छात्र आशीष बैगा द्वारा लिखे गये स्लोगन का उपयोग किया गया जो प्रेरक रहा। कार्यक्रम को आयोजित किये जानें में बुढार थाना स्टाफ के साथ ही सांदीपनि विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक महेन्द्र त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विजय पयासी, सी.बी. शुक्ला, जी.एल. सिंह,हरेराम सिंह तथा शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बरगवां में पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक और देवी भागवत का हुआ भव्य आयोजन

# श्रवण महोत्सव में गूंजा 'हर हर महादेव'

अमलाई।



श्रावण मास के पावन अवसर पर बरगवां में श्रवण महा उत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया। इस विशेष आयोजन में एक दिवसीय देवी भागवत कथा और पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ।कार्यक्रम की देवी भागवत कथा का वाचन निशिकांत पांडे द्वारा किया गया, जिनके सुमधुर वाणी और दिव्य ज्ञान से उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में शिव भक्ति जन चेतना समिति बरगवां और महिला ब्राह्मण समाज शहडोल की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और भी बढ़ा दिया।इस भव्य आयोजन में दूर-दूर से पधारे पंजीकरण कर्ताओं का भी शिव शक्ति परिवार ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और उनके योगदान को कार्यक्रम की सफलता में अहम माना। शिव शक्ति परिवार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्तगणों, आचार्य रजनी शर्मा, राजाराम तिवारी, तथा अन्य सभी आचार्यों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही संगीत वादन में सहयोग देने वाले सभी कलाकारों और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त सेवाभावी जनों को कोटि-कोटि नमन किया गया।शिव शक्ति परिवार ने सभी श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि भगवान महादेव और आप सभी के आशीर्वाद से यह कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किया जाएगा।

# घायल हिरण डीपीसी कार्यालय में घुसा

## कर्मचारियों ने बचाया, वन विभाग की लापरवाही उजागर

शहडोल।



जिले के जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कार्यालय खोलते ही कर्मचारियों को अंदर एक हिरण प्रजाति का जानवर दिखाई दिया। जानवर को देखकर पहले तो कर्मचारी घबरा गए, लेकिन जल्द ही उसे पहचानते हुए सभी ने मिलकर बड़ी सतर्कता से उसे घेरकर पकड़ लिया। खबर है कि यह जानवर 'घुटरी' (हिरण की एक स्थानीय प्रजाति) था, जो संभवतः घायल अवस्था में भटकते हुए कार्यालय परिसर में पहुंच गया था। कर्मचारियों ने जानवर को सुरक्षित पकडक़र एक रस्सी से बांध दिया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। हालांकि सूचना देने के बावजूद एक घंटे तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी देखी गई। एक कर्मचारी ने बताया कि जानवर के शरीर पर चोट के कई निशान हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी वाहन की चपेट में आया हो सकता है या किसी शिकारी से बचकर भागा हो। घटना का वीडियो कुछ कर्मचारियों व राहगीरों ने अपने मोबाइल से बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जब इस पूरे मामले में शहडोल रेंजर आर.एन. विश्वकर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे बात नहीं हो सकी। यह घटना न केवल शासकीय कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि वन विभाग की कार्यप्रणाली और आपात स्थिति में उनकी सुस्ती को भी उजागर करती है।



# मेडिकल कॉलेज में जल आपूर्ति समस्याओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

## जल आपूर्ति को सामान्य बनाने ऑपरेशन एवं मेन्टीनेंस को व्यवस्थित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। शासकीय बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज में विभिन्न खण्डों एवं आवासीय परिसर सहित पूरे कैंपस में जल आपूर्ति में आ रही समस्याओं की कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने महाविद्यालय के सभागार में समीक्षा की। समीक्षा में यह बात उभरकर आई की जल आपूर्ति आपरेशन एवं मेन्टीनेंस के कारण समस्या रहती है। कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति समय पर हो तथा पर्याप्त मात्रा में हो इसके लिए तत्काल ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाएं तथा समय-समय पर मेंटीनेंस के कार्य भी कराएं जाए, जिससे मेडिकल कॉलेज परिसर में जल की आपूर्ति सतत रूप से बनी रही। उन्होंनें कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में 10 ट्यूबवेल से पानी सैंप वेल में भेजकर सप्लाई की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि पानी कई सप्लाई वाल्ब के माध्यम से अलग-अलग खण्डों में की जाए। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज एवं आवासीय कॉलोनियों में पानी की टंकियां बढ़ाई जाएं, थर्ड फ्लोर में आपरेशन थियेटर, लेबर रूम तथा आर्थोपेडिक्स वार्डो में पानी की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही आगामी 6 महीनों में जल आपूर्ति समस्या का स्थाई निराकरण का विकल्प तैयार किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी सतत रूप से पेयजल आपूर्ति की मॉनीटरिंग भी करें। बैठक में मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ नागेन्द्र सिंह, डॉ. मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री धुर्वे, सहायक यंत्री श्री केसवानी तथा उपयंत्री श्री श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# मानपुर में नवांकुर सखी- हरियाली कलश यात्रा संपन्न

उमरिया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् प्रदेश के 313 विकास खंड के 1565 सेक्टर में हरियाली अमावस्या से पांच दिवसीय नवांकुर सखी-हरियाली कलश कलश यात्रा निकाली जा रही है, इसी तारतम्य में विकास खण्ड मानपुर ग्राम पंचायत करौंदी टोला के बिजौरी/रायपुर सेक्टर के ग्राम पंचायत करौंदी टोला में कलश यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम पंचायत से नवांकुर सखीयों द्वारा कलश, व पौधे के साथ यात्रा के द्वारा शिव मंदिर पर जाकर महादेव को जल चढाया, तथा नवांकुर सखीयों द्वारा शिव मंदिर पर ढोल की थाप पर गीत गाते हुए नृत्य किया तथा पुनः यात्रा के रूप में पंचायत के प्रागंण में पहुंची यहाँ पर मुकेश तिवारी सामाजिक कार्य करता द्वारा नवांकुर सखियों को पौधे भेंट किये गए ।
मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद् के जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर म. प्र.जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी - हरियाली यात्रा निकाली जा रही है इसमें नवांकुर सखी को बीज रोपित थैली का वितरण किया जायेगा । इन थेलियों को अपने घर पर सुरक्षित रखना और इन थेलियों से पौधा बडा होने तक देख-रेख करना है और गाँव में या परिवार में किसी का जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, किसी की पुण्य तिथि या अन्य किसी सामाजिक अवसर पर इन पोंधो को सुरक्षित स्थान पर रोपण करना व पेड़ होने तक देख-रेख करना है ताकि हमारा मानपुर जिला उमरिया हरा भरा हो सकें । जिले में तीनों विकास खण्डों में नवांकुर संस्थाओं द्वारा 15 सेक्टरों में पांच दिवसीय यात्रा निकाली जा रही है। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के कार्यक्रम का संचालन कल्याण यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह तराम , विकास खण्ड अधिकारी नवांकुर संस्था राधा सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच गोविंदी बाई सामाजिक कार्यकर्ता जनपद सदस्य ध्रुव सिंह,उपसरपंच निर्भय सिंह जी,सचिव ,विवेक उरमालिया,रवि सिंह व सीएमसीएलडीपी के छात्र अन्य सामाजिक कार्यकर्ता परामर्शदाता ठाकुर राम नवांकुर सखियां उपस्थित रहे!

# 24 घंटे में चोरी गई मोटर साइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

अमलाई। पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए मोटर साइकिल चोरी के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई वाहन को बरामद कर लिया है। फरियादी श्याम बिहारी केवट उम्र 45 वर्ष निवासी चीप हाउस, धनपुरी ने 23 जुलाई को थाना अमलाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी काले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल उनके निवास के पास स्थित पावर फूड डेयरी के सामने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर ली गई है। मोटरसाइकिल में उस समय चाबी भी लगी हुई थी। रिपोर्ट प्राप्त होते ही अमलाई पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर पुलिस ने लल्लू उर्फ गोविंद कोल पिता नत्थू कोल उम्र 30 वर्ष निवासी चीप हाउस को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। बताया गया है कि आरोपी लल्लू उर्फ गोविंद कोल आदतन अपराधी है और उस पर पूर्व में मारपीट, आर्म्स एक्ट और चोरी के कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इस त्वरित कार्रवाई में प्रधान आरक्षक गणेश पांडेय एवं आरक्षक ठाकुरदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी सराहना की जा रही है।



# युवा कांग्रेस ने मृत श्रमिकों को लेकर किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

## सीवर लाइन हादसे पर न्याय की मांग, ठेकेदार व एमपीयूडीसी पर गंभीर आरोप

शहडोल।



**संभागीय मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 1 कोनी में सीवर लाइन डालने के दौरान दो श्रमिकों की दर्दनाक मौत के मामले में युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोलते हुए सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। मृतक श्रमिकों के परिजनों को साथ लेकर प्रदर्शनकारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जिला प्रशासन को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।**

### यह है मामला

नगरपालिका क्षेत्र के कोनी वार्ड में सीवर लाइन डालने का कार्य गुजरात की निर्माण कंपनी मेसर्स पी.सी. स्नेहल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी धंसने से महिपाल बैगा उम्र 37 वर्ष और मुकेश बैगा उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम कोटमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक कांग्रेस ने ठेकेदार व एम.पी.यू.डी.सी. पर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्य के दौरान श्रमिकों को न तो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही किसी सुरक्षा मानक का पालन किया गया। यह सीधे तौर पर कंपनी और विभाग की लापरवाही का परिणाम है।

### प्रशासन की लापरवाही

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ठेकेदार को घटना की तत्काल सूचना दी गई, लेकिन वह काफी देर से पहुंचे। इस बीच मोहल्ले के कुछ युवकों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए मजदूरों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवा कांग्रेस ने प्रशासन द्वारा दी गई 6 लाख की मुआवजा राशि को अपर्याप्त बताते हुए सवाल उठाया कि क्या गरीब आदिवासी श्रमिकों की जान की कीमत सिर्फ 6 लाख है? ज्ञापन में मांग की गई है कि दोनों मृतक परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए, साथ ही परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान की जाए ताकि उनका जीवनयापन सुनिश्चित किया जा सके।

### उच्चस्तरीय जांच कर असली दोषियों को दंडित किया जाए।

सीवर लाइन कार्य से क्षतिग्रस्त मार्ग और नालियों को 10 दिन में दुरुस्त किया जाए। श्रमिकों की नियुक्ति, बीमा, पंजीयन की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं की गईं तो एम.पी.यू.डी.सी. कार्यालय के समक्ष तालाबंदी की जाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि यह केवल मृतकों के परिजनों के लिए नहीं, बल्कि समूचे श्रमिक वर्ग की सुरक्षा और सम्मान की लड़ाई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता सूफियान खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मरावी, आजाद बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, निशांत जोशी, शेख साजिल, प्रियांशु चौबे, कुलदीप निगम, अजय अवस्थी, प्रभात पांडे, प्रदीप तिवारी, श्रीनमो गर्ग, अलीम खान, सत्यम प्रजापति, आशु चौधरी समेत कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस ने इस अवसर पर साफ किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता और दोषियों को सजा नहीं दी जाती।

### ज्ञापन में रखी गई मुख्य मांगें

मृतक श्रमिकों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा दिया जाए। परिजनों में से एक को सरकारी नौकरी दी जाए।

**खबर संक्षेप**

## जिले में 42.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 42.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1.2 मिली मीटर, कोतमा में 88 मिली मीटर, बिजुरी में 49.2 मिली मीटर, जैतहरी में 37.4 मिली मीटर, वेंकटनगर में 67 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 5.6 मिली मीटर, अमरकंटक में 55 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 35.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

## बाड़ी में काम कर रहे वृद्ध की सर्पदंश से मौत



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** थाना अनूपपुर अंतर्गत मानपुर गांव में बुधवार की दोपहर बांड़ी में रूधान का कार्य कर रहे वृद्ध के पैर में जहरीला सांप काटने पर उपचार दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। घटना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोडी के मानपुर गांव में बुधवार की दोपहर 68 वर्षीय वृद्ध गोवर्धन पिता टुब्बुल कोल अपने बांड़ी में रुधान का काम कर रहा था तभी चारा घास के बीच बैठे जहरीले सर्प के ऊपर पैर पढ़ने तथा दबने से सांप ने वृद्ध के पैर में एड़ी के ऊपर दो बार काट लिया अकेले काम कर रहे वद्ध पैदल चल कर अपने रिश्तेदारों को बताने बाद परिजनों के द्वारा उपचार हेतु निजी वाहन ऑटो से जिला चिकित्सालय ला कर उपचार कराया। इस दौरान सांप का जहर शरीर में फ़ैल जाने पर वृद्ध की मौत हो गई घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह परिजनों की उपस्थिति में पुलिस सहायता केंद्र अनूपपुर के प्रधान आरक्षक मंसाराम मार्को, आरक्षक कमलेश प्रसाद द्वारा मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से शव का पी.एम, करा कर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा।

## कलेक्टर ने गोहन्ड्रा में बीमा एवं पेंशन योजनाओं के शिविर का किया निरीक्षण



**हितग्राहियों के डोर-टू-डोर सर्वे एवं नियमित कैंप लगाने के दिए निर्देश**

**हरिभुमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत गोहन्ड्रा में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के पंजीयन हेतु आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर पंजीयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से हितग्राहियों के पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र लोगों के नाम तत्काल पंजीयन में जोड़े जाएं। कलेक्टर ने शिविर स्थल पर बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल सुविधा तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि इन योजनाओं की व्यापक जानकारी जनसामान्य तक पहुंचे, इसके लिए सतत जागरूकता गतिविधियां चलाई जाएं।साथ ही जिले में प्रतिदिन इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी को संधारित कर उसका नियमित फॉलोअप किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित यह योजनाएं आमजन को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं, अतः इनका प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अजीत नांबियार, डीपीएम एनआरएलएम शशांक सिंह सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरोपियों से पुलिस अधीक्षक ने स्वयं की गहन पूछताछ

# खिलाड़ी 420: धोखाधड़ी व सट्टा गिरोह के 6 अन्य आरोपियों के भी गिरे विकेट

**गेमिंग एप के माध्यम से धोखाधड़ी व सट्टा प्रकरण में अब तक 13 धराये**

**अन्य 6 को पुणे (महाराष्ट्र) से पुलिस ने किया गिरफ्तार**







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा पुणे (महाराष्ट्र) भेजी गई कोतवाली पुलिस टीम ने जिले में गेमिंग एप में दोगुना तिगुना रकम देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने एवं आनलाईन सट्टा खिलाने के थाना कोतवाली अनूपपुर में पंजीबद्ध प्रकरण में गिरोह के 06 अन्य आरोपियों को पुणे (महाराष्ट्र) से रंगे हाथों पकड़ा जाकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अनूपपुर पुलिस द्वारा अब तक उक्त अंतर्राज्यीय गिरोह के 13 आरोपियों को कोतमा, इन्दौर एवं पुणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया जा चुका है।

12.07.25 को फरियादी दीपक राठौर पिता बेसाहूलाल राठौर उम्र 35 वर्ष निवासी अनूपपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से मिलकर शिकायत की थी कि संस्कार जायसवाल एवं घनश्याम बसोर दोनो निवासी कोतमा द्वारा गेमिंग एप में पैसा लगाकर पैसा दोगुना, तिगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर पांच हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 350/25 धारा 318 (4).3(5), 112 बी.एन.एस. 4 (क) पब्लिक गैम्बलिंग ऐक्ट पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी संस्कार जायसवाल पिता भरत जायसवाल उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 05 कोतमा एवं घनश्याम बसोर पिता स्व. मोटू बसोर उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 09 शिव मंदिर के पीछे कोतमा को गिरफ्तार करने पर खुलासा हुआ कि उक्त गिरोह का नेटवर्क इन्दौर शहर से चलाया जा रहा है। इन्दौर के प्लेटिनम पैराडाइज कालोनी के फ्लैट में रहकर भिलाई (छ.ग.) निवासी मोहम्मद कैफ एवं मोहम्मद रिजवान के द्वारा आनलाईन गेमिग एप 11 एक्स प्लेस और माय फेयर प्ले में आनलाईन सट्टा से दोगुना और तीन गुना रकम का लालच देकर धोखाधड़ी की जा रही है। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा इन्दौर के प्लैटिनम पैराडाइज कालोनी में रेड कर पांच आरोपियों प्रवीण पण्डित निवासी ग्राम भदना थाना आन्द्रा थारी जिला मधुबनी बिहार, सानित मानिकपुरी

**पुलिस टीम को पुरस्कृत करने कप्तान की घोषणा**

निवासी कठौतिया थाना मेंहदवानी जिला डिण्डौरी, सारिक अली निवासी भिलाई पावर हाऊस जिला भिलाई छ.ग.. रोहित जोशी निवासी कैम्प नम्बर 01 रोड नम्बर 18 भिलाई छ.ग. आकाश कटारे निवासी सेक्टर न. 07 भिलाई छ.ग. को इन्दौर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 03 टेबलेट 13 एण्ड्रायड मोबाईल फोन, 20 सिम कार्ड, 40 पासबुक, 55 एटीएम कार्ड एवं 25000 रूपये नगदी जप्त किये गये है एवं आरोपियो के बैंक एकाउण्ट फ्रीज करा दिये गये।

### आरोपियों से पुलिस अधीक्षक ने स्वयं की गहन पूछताछ

गिरफ्तार आरोपियों से हुई पूछताछ पर खुलासा हुआ कि गिरोह का सरगना कैफ खान एवं रिज़वान खान दोनों निवासी भिलाई ( छत्तीसगढ़ ) अपने साथियों के साथ पुणे (महाराष्ट्र) से गैमिंग एप चलाकर जिले में धोखाधड़ी एवं ठगी कर रहा है जो टी. आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिहं, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिहं, प्रधान आरक्षक विनय बैस की टीम के द्वारा अलहो टावर बिल्डिंग थाना बानेर पुणे (महाराष्ट्र) में रेड कर 06 आरोपियों दिशान्त खान पिता जफर खान उम्र 21 वर्ष निवासी भिलाई पावर हाऊस जिला दुर्ग छ.ग., सुशील सिहं उइके पिता गणेशराम उइके उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भेलमा टिकरी थाना कोटा जिला बिलासपुर छ.ग., रामावतार साहू पिता गोपाल साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी थाना नवागंज जिला जांजगीर चांपा छ.ग. रूपेश बैगा पिता सालिकराम बैगा उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड न. 08 भालूमाड़ा रोड कोतमा जिला अनूपपुर, पुरूषोत्तम वर्मा पिता रवि वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड न. 38 गायत्री मंदिर के पास कोटा थाना गायत्री मंदिर जिला रायपुर छ.ग., युगल किशोर श्रीवास पिता देवनारायण श्रीवास उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम झरना थाना बाराद्वार जिला जांजगीर चांपा छ.ग. को वारदात में प्रयुक्त किये जा रहे लैपटाप 02 नग टैब, 16 नग एण्ड्रायड मोबाईल एवं 50 से अधिक मोबाईल सिम के साथ रंगे हाथो पकड़ा जाकर गिरफ्तार कर थाना अनूपपुर लाया गया। बुधवार की देर रात पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा स्वयं थाना कोतवाली अनूपपुर पहुंचकर पुणे (महाराष्ट्र ) से गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की गई।

### पुलिस अधीक्षक ने की घोषणा

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा टी. आई. कोतवाली एवं उनकी टीम उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिहं, प्रधान आरक्षक शेख रसीद, शिवशंकर प्रजापति, संदीप साहू, महेन्द्र राठौर, विनय बैस, सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार, आरक्षक पंकज मिश्रा की टीम को पुरूष्कृत किये जाने की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए जिले के नागरिको से आग्रह किया है कि रकम को दोगुना एवं तिगुना करने के लालच में किसी भी प्रकार के आनलाई गेमिंग एप या आनलाईन सट्टा जैसे नेटवर्क से सावधान रहे एवं इस तरह के फोन काल या सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति के द्वारा सम्पर्क करने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# एक माह से बंद उप पंजीयक कार्यालय

**नायब तहसीलदार के भरोसे चल रहा कार्यालय**

**राज्यमंत्री के खुद के विधानसभा मे भर्रेशाही**

**वादों में डिजिटल इंडिया, हकीकत में ताले**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।** कोतमा विकासखंड में हाल लिया है कि लगभग कार्यालय प्रभार के भरोसे संचालित हो रहे हैं जबकि इस क्षेत्र से विधायक दिलीप जायसवाल संभाग के इकलौते मंत्री हैं और उन्हीं के विधानसभा क्षेत्र में हाल बेहाल है। जिसके कारण आम जनमानस परेशान नजर आ रहा है। पूर्व मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा यह निर्देश दिया गया था कि शहडोल संभाग में कोई भी कार्यालय प्रभार के भरोसे नहीं चलेगा। उसके बाद भी हाल बेहाल है।

### लटका रहता है ताला

कोतमा तहसील मुख्यालय में स्थित उपपंजीयक कार्यालय बीते एक माह से बंद पड़ा है, जिससे आम जनता, खासकर जमीन के खरीददार और विक्रेताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय बंद होने के कारण न तो रजिस्ट्री हो पा रही है और न ही संबंधित दस्तावेजों की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। सैकड़ों फाइलें अटकी हुई हैं और आमजन को 40 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय मे स्थित अनूपपुर कार्यालय का रुख करना पड़ रहा है।

### स्थानांतरण के बाद नहीं हुई पदस्थापना

जानकारी के अनुसार कोतमा के उपपंजीयक सुनील विश्वकर्मा का स्थानांतरण शहडोल हो गया है, लेकिन उनकी जगह अब तक किसी नये अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। यह लापरवाही न सिर्फ प्रशासनिक स्तर पर चिंता का विषय है, बल्कि आम नागरिकों के हितों पर भी सीधा आघात है। भूमि खरीदी-बिक्री, ऋण दस्तावेज, विरासत नामांतरण जैसे जरूरी कार्य ठप हो गए हैं। तहसील क्षेत्र के अनेक किसान, व्यापारी और नागरिक जो वर्षों की पूंजी से जमीन क्रय करना चाहते थे, अब रजिस्ट्री न होने से असमंजस में हैं।

### भटकने को मजबूर हितग्राही

उप पंजीयक तहसील कोतमा के हितग्राहियों को 40 किलोमीटर दूर अनूपपुर जाना पड़ रहा है। कोतमा क्षेत्र के नागरिकों को अब ज़मीन से जुड़ा कोई भी दस्तावेज पंजीकृत कराने के लिए अनूपपुर स्थित उपपंजीयक कार्यालय जाना पड़ रहा है, जो आर्थिक रूप से भी बोझिल है। अनेक ग्रामीणों ने बताया कि रोज़ाना अनूपपुर जाकर फॉर्म भरना, पर्ची लेना और लाइन में लगना बेहद कठिन और अपमानजनक अनुभव है। भूमि पंजीयन कार्य के ठप्प होने से राजस्व संग्रह और शासकीय कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के ज़रूरी सौदे अटक गए हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियाँ बाधित हो रही हैं।

### वादों में डिजिटल इंडिया, हकीकत में ताले

स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं ने इस गंभीर स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया और ऑनलाइन रजिस्ट्री जैसे वादे करती हैं, वहीं ज़मीनी हकीकत यह है कि एक तहसील का उप पंजीयन कार्यालय ही एक माह से बंद पड़ा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं और नागरिक संगठनों ने जिला प्रशासन और राज्य शासन से कोतमा उपपंजीयन कार्यालय में तत्काल पदस्थापना की मांग की है ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सके।

### प्रभार के भरोसे तहसील

कहने को तो कोतमा तहसील कार्यालय है लेकिन वर्तमान में नायब तहसीलदार के भरोसे तहसील कार्यालय संचालित करवाया जा रहा है। तहसीलदार ईश्वर प्रधान का स्थानांतरण जिला मुख्यालय में स्थित अनूपपुर तहसील में हो जाने के कारण नायब तहसीलदार रमाकांत तिवारी को प्रभारी तहसीलदार का आदेश किया गया था लेकिन एक सप्ताह के अंदर दूसरा आदेश जारी किया गया कि रमाकांत तिवारी को जैतहरी का प्रभारी तहसीलदार बना दिया गया है। दशरथ सिंह कंवर नायब तहसीलदार को तहसील कोतमा का तहसीलदार बना दिया गया है। जब यह हाल मंत्री के विधानसभा क्षेत्र का है तो बाकी जगह का हाल क्या होगा किसी से छिपा नहीं है।

# कपिलधारा मार्ग की खस्ता हालत बनी संकट का कारण

**पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को हो रही भारी परेशानी**



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक जो प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम है, इन दिनों एक गंभीर अव्यवस्था की मार झेल रही है। यहां का प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थ स्थल कपिलधारा जाने वाला मार्ग, बांधा तिराहा से कपिलधारा तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क आजकल अपनी बदहाली की करुण गाथा स्वयं कह रही है। इस मार्ग की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि राहगीरों के लिए पैदल चलना तक दुश्वार हो गया है। सड़क पर गड्ढों की भरमार है, कहीं-कहीं तो यह स्पष्ट ही नहीं हो पाता कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढों में कहीं सड़क बची है। जलजमाव की स्थिति ने राहगीरों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग और भी खतरनाक बना दिया है। कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें बाइक सवार गिरकर घायल हुए हैं।

### आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर कपिलधारा

कपिलधारा और दूधधारा जैसे जलप्रपात न केवल अमरकंटक के सौंदर्य प्रतीक हैं, बल्कि यह स्थल श्रद्धा का केंद्र भी हैं। यहां पहुंचने वाला हर पर्यटक प्राकृतिक शांति और धार्मिक अनुभूति का अनुभव करना चाहता है। परंतु, मार्ग की दुर्दशा उनके इस अनुभव को बाधित कर रही है। विशेषकर श्रावण मास में, जब कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु यहां प्रतिदिन पहुंचते हैं, मार्ग की बदहाली और भी ज्यादा तकलीफदेह हो जाती है।

### प्रशासन और विभागीय उदासीनता पर उठ रहे सवाल

यह मार्ग लोक निर्माण विभाग, पुष्पराजगढ़ उपखंड के अधीन आता है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी अमरकंटक के उपयंत्री के पास है। बावजूद इसके, विगत कई महीनों से इस मार्ग की मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। यह तथ्य और भी चिंताजनक हो जाता है जब यह ज्ञात हो कि अमरकंटक में आए दिन अति विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन होता है और लाखों पर्यटक-तीर्थयात्री यहां भ्रमण हेतु आते हैं।

### तत्काल सुधार की आवश्यकता

पश्चिम बंगाल के कोलकाता, वर्धमान और उत्तर प्रदेश के कानपुर व बनारस से आए श्रद्धालु तीर्थयात्रियों सहित स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए। अन्यथा, यह मार्ग एक बड़े जनआक्रोश का कारण बन सकता है। कपिलधारा मार्ग केवल एक सड़क नहीं, यह आस्था और पर्यटन को जोड़ने वाली जीवनरेखा है। इसकी मरम्मत और रख-रखाव में लापरवाही न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, बल्कि अमरकंटक की छवि को भी धूमिल कर रही है। अब समय आ गया है कि प्रशासन त्वरित संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाए।

# विवाहिता के जहर खाकर आत्महत्या मामले में पति एवं ननदोई गिरफ्तार

**प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध था दर्ज**



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान जी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्दर्शन में कोतवाली अनूपपुर द्वारा 20.07.2025 को श्रीमती प्रियंका गुप्ता निवासी वार्ड न. 11 अनूपपुर के द्वारा जहर का सेवन करने के बाद ईलाज के दौरान बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज, शहडोल में मृत्यु हो जाने के मामले में जांच पर विवाहित महिला के पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता एवं ननदोई जयप्रकाश गुप्ता के विरूद्ध महिला के साथ मारपीट, प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 20.07.2025 को श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता उम्र करीब 33 साल निवासी वार्ड न. 11. बस्ती रोड, अनूपपुर को घर में सल्फास की गोली खाने से ईलाज हेतु बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज शहडोल ले जाया गया था. जहां उक्त महिला की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण की मर्ग डायरी थाना सोहागपुर, जिला शहडोल से थाना कोतवाली अनूपपुर को. जांच हेतु प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा उक्त महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में जांच एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा को सौंपी गई जिनके द्वारा जांच पर पाया गया कि मृतिका श्रीमती प्रियंका गुप्ता की पी. एम. रिपोर्ट में डाक्टर जगदीश कनाश मेडिकल कालेज, शहडोल के द्वारा मारपीट से दाहिने हाथ में चोटे आना लेख किया गया है। मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के पिता कैलाश प्रसाद गुप्ता, भाई श्रवण कुमार गुप्ता तथा चाचा राजाराम गुप्ता सभी निवासी ग्राम बसही, राजेन्द्रग्राम के द्वारा पुलिस जांच में बताया गया कि मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता का विवाह वर्ष 2014 में नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता के साथ हुआ था। नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता शादी के कुछ समय बाद से ही मृतिका प्रियंका गुप्ता को मायके आने-जाने की बात को लेकर परेशान करने करने लगा था। मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के ससुर बंसतलाल गुप्ता ने अपनी अनूपपुर स्थित भूमि अराजी खसरा क्रमांक 1376/1/1/1/2/1/1/1/1 रकवा 0.1280 हेक्टेयर भूमि को 19.10.2023 को बहु प्रियंका गुप्ता के नाम पर रजिस्ट्री करवा दिया था। उक्त भूमि को बेचकर पैसा प्राप्त करने के उद्देश्य से मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के पति नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता व उसके जीजा जयप्रकाश गुप्ता के द्वारा उसे परेशान किया जाने लगा और उक्त दोनो व्यक्तियों के द्वारा मृतिका के ऊपर भूमि को बेचने हेतु दबाव बनाया जाने लगा। साथ ही नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता का किसी अन्य लड़की से प्रेम संबंध था। जिस कारण 19.07.2025 को पत्नी प्रियंका गुप्ता द्वारा समझाये जाने पर नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी, जिस घटना में भी नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता के जीजा जयप्रकाश गुप्ता ने पति राजा उर्फ नर्मदा गुप्ता का पक्ष लिया था। अपने पति नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता व उसके जीजा जयप्रकाश गुप्ता की इसी प्रताड़ना से तंग आकर मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता ने 20.07.2025 की सुबह जहर का सेवन कर लिया। सम्पूर्ण जांच पर विवाहिता श्रीमती प्रियंका गुप्ता के साथ पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता एवं ननदोई जयप्रकाश गुप्ता के द्वारा मारपीट, प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना पाया गया। उक्त जांच पर थाना कोतवाली अनूपपुर में 23.07.2025 को अपराध क्रमांक 369/25 धारा 115(2), 85,108,3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। टी.आई. कोतवाली, महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा, प्रधान आरक्षक शेख रसीद एवं आरक्षक अब्दुल कलीम की टीम के द्वारा तत्काल उक्त प्रकरण में आरोपी पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता पिता बसन्तलाल गुप्ता उम्र करीब 33 साल निवसी बस्ती रोड वार्ड न. 11 अनूपपुर एवं महिला के ननदोई जयप्रकाश गुप्ता पिता धरमदास गुप्ता उम्र 51 साल निवासी वार्ड न. 05 जैतहरी को गिरफ्तार किया गया है।